भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1474
09.12.2025 को उत्तर के लिए नियत

रेयर अर्थ मैग्नेट प्रोत्साहन योजना

1474. **श्री शशांक मणिः**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) रेयर अर्थ मैग्नेट प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की, उनके स्थान तथा निवेश प्रतिबद्धताएँ सहित संख्या कितनी है;
(ख) इन परियोजनाओं के माध्यम से अनुमानित कितनी रोजगार संभावनाएं सृजित होंगी; और
(ग) क्या इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य से किसी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 26 नवंबर, 2025 को 7280 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ "रेयर अर्थ सिंटर्ड परमानेंट मैग्नेट के विनिर्माण को बढ़ावा देने की स्कीम" को मंजूरी प्रदान की। इस स्कीम के तहत आज की तारीख तक कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

*****